(C) *Commercial and residential rate*

Zone	Residential (Rs. per sq. mt)	Commercial (Rs. per sq. mt)
Zone I — Central Delhi . . .	16,800	50,400
Zone II — South Delhi . . .	7,600 to 12,600	15,200 to 25,200
Zone III — West Delhi . . .	6,300 to 10,500	12,600 to 21,000
Zone IV — North Delhi . . .	5,300 to 6,300	10,600 to 12,600
Zone V — East Delhi	1,800 to 2,550	3,600 to 5,100

गोबर का आयात

*673. **श्री राधवजी** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गोबर का आयात करने संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) गोबर का आयात करने की क्या आवश्यकता है ;

(ग) आयातित गोबर किस उपयोग में लाया जाएगा ; और

(घ) यह भारत में किस भाव पर बेचा जाएगा ?

कृषि मन्त्री (श्री बलराम जाखड़) : (क) जी, नहीं ।

(ख) से (घ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन के कर्मचारियों द्वारा आंदोलन किया जाना

*674. **श्री शिव चरण सिंह :**
श्री गोविन्द राम मिरी :

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय विद्यालय संगठन कर्मचारी संघ की संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा अपने आंदोलन को 2 मई, 1994 से पुनः आरंभ करने के निर्णय को दृष्टिगत रखते हुए, जिसे पहले उसके दूसरे चरण में स्थापित कर दिया गया था, समिति के प्रतिनिधियों को आंदोलन पुनः आरंभ न करने के लिए, राजी करने हेतु उनके साथ द्विपक्षीय बातचीत करने के लिए 8 अप्रैल, के बाद से और 30 अप्रैल, 1994 तक क्या कोई प्रयास किए गए थे ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और उनके क्या परिणाम निकले हैं ;

(ग) क्या इस संबंध में प्रधान मंत्री ने मानव संसाधन विकास मंत्री को कोई निदेश दिया है अथवा उनसे कोई अनुरोध किया है ; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में यदि कोई कदम उठाए गए हैं तो उनके ब्यौरे सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) और (ख) केन्द्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त और कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के बीच फरवरी, 1994 में विचार-विमर्श हुआ था। पहली अप्रैल, 1994 को मानव संसाधन विकास मंत्री ने इस मामले पर दो संसद सदस्यों से चर्चा की। इसके बाद 2.4.1994